दिनांक : 28 .11.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और गोवा के दौरे पर, वे गोवा में श्री राम की 77 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुरैना में सांदीपनि विद्यालय का किया लोकार्पण।
- प्रदेश में वोटर लिस्ट रिविज़न का काम तेज़ी पर; 84 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा, अशोकनगर जिला 100 प्रतिशत काम पूरा कर प्रदेश में पहले स्थान पर।
- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रदेश का शानदार प्रदर्शन; खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण और दो कांस्य सहित कुल चार पदक जीते।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री दौरा-कर्नाटक-गोवा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और गोवा के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ जाएंगे और लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे कृष्ण गर्भगृह के सामने स्थित सुवर्ण तीर्थ मंडप का भी उद्घाटन करेंगे और पवित्र कनकना किंदी के लिए कनक कवच समर्पित करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री मोदी, सारधा पंचाष्टमोत्सव के अवसर पर गोवा में श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष समारोह में भाग लेंगे। श्री मोदी मठ में कांसे से बनी श्री राम की 77 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण करेंगे और रामायण थीम पार्क गार्डन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे और विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी करेंगे।

राष्ट्रपति-लखनऊ दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज लखनऊ के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति, दो कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु, ब्रह्माकुमारीज़ की वर्ष 2025-26 की वार्षिक थीम, विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगी। ब्रह्माकुमारीज़ के अतिरिक्त महासचिव, डॉ. मृत्युंजय ने बताया कि शुभारंभ के बाद राष्ट्रपति मुर्मु प्रशिक्षण केंद्र में ध्यान भी करेंगी। वे 5 महिलाओं और 5 पुरुषों को ध्वज तथा कलश वितरित करेंगी।

मुख्यमंत्री-मुरैना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुरैना में सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया और बच्चों से सीधे संवाद भी किया।सीएम ने यहां कई विकास कार्यों का शुभारंभ और भूमिपूजन किया। इनमें 50-सीटर अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास, आयुर्वेदिक महाविद्यालय और अन्य स्थानीय विकास योजनाएँ शामिल रहीं।दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को मज़बूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

पंजाब - शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बीते कल पंजाब के दौरे पर थे। उन्होंने मोगा और जालंधर में किसानों और मनरेगा मज़दूरों से बातचीत की। मोगा के गांव रणसिंह कलां में उन्होंने पिछले छह सालों से पराली न जलाने के लिए किसानों की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि वे गांव की इस कामयाबी के बारे में देश को बताएंगे ताकि दूसरे भी इसका अनुकरण करें।

बाद में, जालंधर में मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि केंद्र पंजाब में हर उस योग्य गरीब व्यक्ति को मकान उपलब्ध कराएगा जिसके पास कच्चा घर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से ऐसे लोगों की जानकारी देने को कहा गया है।

एसआईआर-प्रदेश

प्रदेश में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न यानी एसआईआर का काम तेजी से चल रहा है। प्रदेश ने अब तक 84 फीसदी गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। इनमें 13 जिलों ने 90 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया है। सबसे बड़ी उपलब्धि अशोकनगर जिले की रही, जहाँ एसआईआर का पूरा काम 100 प्रतिशत तय समय से सात दिन पहले ही पूरा कर लिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने जिले के कलेक्टर और उनकी टीम को बधाई दी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बीएलओ सहित अधिकारियों, कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

प्रदेश में अब तक कुल 4 करोड़ 60 लाख गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा करने वाले जिलों में अशोकनगर, बैतूल, सीहोर, नीमच, मंदसौर, सीधी, शाजापुर, आगर मालवा, मंडला, बालाघाट, गुना, राजगढ़ और उमरिया शामिल हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आगरमालवा जिले में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07362-292107 एवं 1950 है। वहीं खंडवा जिले में पुनरीक्षण कार्य का लक्ष्य पूरा करने वाले बीएलओ को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया है।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। इंदौर के स्थानीय निवासी अर्पित पामेचा, ने श्रम कानूनों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि- ..

खेलो इंडिया

प्रदेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया है। राजस्थान के कोटा और उदयपुर में चल रही प्रतियोगिता में कल प्रदेश के खिलाड़ियों ने चार पदक- दो गोल्ड और दो ब्रॉन्ज जीते। आर्चरी में एमपी आर्चरी अकादमी के दीपांशु नंदा और क्रतिका ने रिकर्व मिक्स्ड टीम में गोल्ड मेडल जीता। शूटिंग के ट्रैप मिक्स्ड इवेंट में नीरू ने गोल्ड, और मनीषा कीर ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया। जूडो में आयुष दत्त ने 90 किलो वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है और कहा है कि ये मेडल प्रदेश के खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और बढ़ाएंगे।

इफ्फी

56वें अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के समापन से एक दिन पहले गोआ के पणजी में सिनेमा प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली। फिल्मोत्सव के 8वें दिन दर्शकों ने बहुप्रतीक्षित फिल्मों की स्क्रीनिंग, ज्ञानवर्धक मास्टरक्लास और फिल्म निर्माताओं के साथ खास बातचीत के ज़रिए मनोरंजन किया। पेश है

सिंधिया-गुना

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुना जिले को कई बड़ी सौगातें दीं। उन्होंने बामौरी और सिंगवासा क्षेत्र में करीब 75 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में नए बिजली सब-स्टेशन, सड़कें और एक बड़ा रेलवे ओवरब्रिज शामिल है।

मौसम

प्रदेश में ठंड ने फिर से अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीती रात कई शहरों में तापमान तेजी से गिरा और चंबल संभाग सबसे ठंडा रहा। नौगांव में सबसे कम 7.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं ग्वालियर समेत सात शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर आज से दो दिन के इंदौर प्रवास पर रहेंगी। जहां वो "राष्ट्रीय महिला आयोग ...आपके द्वार" महिला जनसुनवाई में लंबित एवं अन्य शिकायतों पर सुनवाई करेंगी।

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सत्रांत परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होकर 14 जनवरी 2026 तक आयोजित परीक्षाओं में यूजी-पीजी के साथ ही प्रमाणपत्र, डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों के स्टूडेंट्स शामिल होंगे।
- रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने के फरार हुए आरोपी को पुलिस ने भोपाल से गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया है।
- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में कल हिंदी भवन भोपाल में उर्दू एवं अन्य भाषाओं का अन्तर्सम्बन्ध के तहत ‘‘साहित्य में अनुवाद परम्परा‘‘ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

-------